महत्वपूर्ण एवं खास

एक शिक्षक निलंबित, दो बीईओ के साथ 21 को नोटिस जारी

सुकमा (आरएनएस)। कलेक्टर विनीत नंदनवार ने शुक्रवार को जिले के छिंदगढ़ व कोटा ब्लॉक में स्कूलों का निरीक्षण किया। उनके साथ डीईओ नितीन डडसेना व डीएमसी श्याम सिंह चौहान रहे। लापरवाही बरतने पर दो बीईओ सहित 21 लोगों को नोटिस जारी किया गया है। कोंटा ब्लॉक के दुब्बाटोटा हाईस्कूल के शिक्षक अंबेश कुमार गुप्ता को कलेक्टर ने निलंबित कर दिया। इसके अलावा छिंदगढ़ बीईओ कमलेश श्रीवास्तव व बीआरसी मोहम्मद वसीम खान, कोंटा बीईओ एसके दीप, चांदपारा संकुल समन्वयक रघुवीर नेताम, दुब्बाटोटा संकुल समन्वयक मनोज कुमार यादव, तालनार संकुल समन्वयक चैतु राम सेठिया, दुब्बाटोटा हाईस्कूल के 05 व तालनार हाईस्कूल के 02, कोडरीपाल स्कूल के 02, तालनार मिडिल स्कूल के 05, कस्तूरी मिडिल स्कूल के 02 शिक्षक सहित 16 शिक्षकों को नोटिस जारी किया गया है।

एक्सिस बैंक में लगी आग, कोई हताहत नहीं मौके पर पहुंची पुलिस

गरियाबंद (आरएनएस)। देवभोग के एक्सिस बैंक में आग लग गई है। घटना बीती रात 11 बजे के आसपास की बताई जा रही है। मकान मालिक को बैंक के अंदर से धुंआ निकलते दिखाई दिया तो उसने इसकी सूचना जिम्मेदारों को दी। सूचना मिलते ही बैंक प्रबंधन और पुलिस विभाग की टीम मौके पर पहुंची। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया है। बैंक मैनेजर ने दावा किया है कि इस आगजनि से रिकार्ड व कैस सूरक्षित है। बैंक मैनेजर पीके पाढ़ी ने बताया कि बैंक में आगजनी की घटना हुई है। बीती रात आग लगने से बैंक का इलेक्ट्रॉनिक चेंनल जलकर खाक हो गया है हालाकिं बैंक के रिकार्ड और केस को सुरक्षित बताया है।

बाइक सवार युवकों की सड़क हादसे में मौत,अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज

बिलासपुर (आरएनएस)। जिले के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मंगला में काम खत्म कर अपने घर लौट रहे बाइक सवार दो युवकों की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौके पर ही मौत हो गई। मृत युवक रतनपुर थाना क्षेत्र के रानीगांव के रहने वाले थे। मिली जानकारी के मुताबिक रतनपुर थाना क्षेत्र के रानीगांव के रहने वाले मोहन देवांगन और जावेद खान बिलासपुर के एक बार में काम किया करते थे। 14 जनवरी की रात बार का खत्म होने के बाद करीब 1.30 बजे दोनों बाइक पर सवार होकर मोहन के घर कुदुदंड लौट रहे थे, तभी मंगला के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी पर सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों का शव सिम्स के मर्चुरी भेजा, और सीसीटीवी फुटेज के जरिए आरोपी वाहन चालक की तलाश कर रही है।

कोविड से निपटने स्वास्थ्य विभाग करेगा रायपुर में 202 अस्थायी पदों पर भर्तियां

» वॉक-इन-इंटरव्यू 18 से

रायपुर (आरएनएस)। स्वास्थ्य विभाग, रायपुर द्वारा 202 अस्थायी पदों पर भर्तियां निकाली गई हैं। इनमें डॉक्टर, मेडिकल ऑफिसर, डेंटिस्ट, हॉस्पिटल मैनेजर, स्टोर इंचार्ज कम फार्मासिस्ट, नर्सिंग स्टॉफ हाउस कीपिंग सुपरवाइजर, ऑक्सीजन टेक्नीशियन, लैब टेक्नीशियन, टेलीफोन आपरेटर, सिक्यूरिटी गार्ड सहित अन्य पद शामिल हैं। इन पदों पर भर्ती हेतु वॉक-इन-इंटरव्यू 18 जनवरी 2022 से प्रतिदिन पदों की पूर्ति तक सुबह 11 से 1 बजे के बीच कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, घड़ी चौक, रायपुर में किया जाएगा। उपरोक्त अस्थायी पदों पर एपेडेमिक डिसीजेज़ एक्ट-1987 के तहत कोरोना नियंत्रण हेतु 6 माह के लिए भर्तियां की जाएंगी, साथ ही भर्ती स्टॉफों की सेवाएं कोरोना संक्रमण के रोकथाम हेतु जिले में ली जाएंगी।

आज से 24 जनवरी तक कई ट्रेनें रहेंगी प्रभावित

» बिलासपुर रेल मंडल के खरसिया-राबर्टसन सेक्शन में चलेगा चौथीलाइन कनेक्टीविटी का कार्य

रायपुर (आरएनएस)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल के खरसिया-राबर्टसन सेक्शन में चौथीलाइन कनेक्टीविटी का कार्य के कारण आज से 24 जनवरी तक कई ट्रेनें जहां रद्द रहेगी, वहीं कई ट्रेनों को देरी से रवाना किया जाएगा और कई ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जाएगा।

रेल मंडल के अधिकारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास के कार्यो को शीघ्र पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी संदर्भ में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल के अंतर्गत खरसिया-राबर्टसन सेक्शन में चौथीलाइन कनेक्टीविटी का कार्य 16 जनवरी से 24 जनवरी तक किया जायेगा। इस कार्य के पूर्ण होते ही गाडियों के परिचालन में गतिशीलता आयेगी।

ये गाड़ियां रद्द रहेंगी:

15 जनवरी से 24 जनवरी तक गाड़ी संख्या 08861 गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

16 जनवरी से 25 जनवरी तक गाड़ी संख्या 08862 झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

21 जनवरी को हावड़ा से रवाना होने वाली गाडी संख्या 12870 हावड़ा-सीएसएमटी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

23 जनवरी को सीएसएमटी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12869 सीएसएमटी-हावड़ा एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

17 व 24 जनवरी को नांदेड़ से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12767 नांदेड़- सांतरागाछी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

19 व 26 जनवरी को सांतरागाछी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12768 सांतरागाछी-नांदेड़ एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

18 जनवरी को इंदौर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 20917 इंदौर-पुरी हमसफर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

20 जनवरी को पुरी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 20918 पुरी-इंदौर हमसफर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

20 जनवरी को वलसाड से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 22909 वलसाड-पुरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

23 जनवरी को पुरी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22910 पुरी-वलसाड एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

21 जनवरी को बिलासपुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 22843 बिलासपुर-पटना एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

23 जनवरी को पटना से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 22844 पटना-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

19 जनवरी को रानी कमलापति(हबीबगंज) से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22169 रानी कमलापति(हबीबगंज)-सांतरागाछी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

20 जनवरी को सांतरागाछी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22170 सांतरागाछी-रानी कमलापति(हबीबगंज) एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

15 व 22 जनवरी को सांतरागाछी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20822 सांतरागाछी-पुणे एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

17 व 24 जनवरी को पुणे से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 20821 पुणे-सांतरागाछी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

ये गाड़ियां देरी से होगी रवाना:

15 जनवरी से 21 जनवरी तक पुरी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18477 पुरी-योगनगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस 03 घंटे देरी से रवाना होगी 7

20 व 22 जनवरी को हावड़ा से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12222 हावड़ा-पुणे दुरन्तो एक्सप्रेस 02 घंटे देरी से रवाना होगी 7

17, 18, 19 व 21 जनवरी को हावड़ा से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12262 हावड़ा-सीएसएमटी दुरन्तो एक्सप्रेस 02 घंटे देरी से रवाना होगी।

15 जनवरी से 21 जनवरी तक राजेन्द्रनगर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 13288 राजेन्द्रनगर-दुर्ग एक्सप्रेस 01 घंटे 30 मिनट देरी से रवाना होगी।

18 व 22 जनवरी को सिकंदराबाद से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 17007 सिकंदराबाद-दरभंगा एक्सप्रेस 01 घंटे 30 मिनट देरी से रवाना होगी।

परिवर्तित मार्ग से चलने वाली गाड़ियां: -18, 21 व 22 जनवरी को विशाखापट्टनम से चलने वाली गाडी संख्या 20807 विशाखापट्टनम-अमृतसर हीराकुंड एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग संबलपुर-टीटलागढ़-लखोली-रायपुर-बिलासपुर के रास्ते चलेगी।

19, 22 व 23 जनवरी को अमृतसर से चलने वाली गाड़ी संख्या 20808 अमृतसर-विशाखापट्टनम हीराकुंड एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बिलासपुर-रायपुर-लखोली-टीटलागढ़ संबलपुर के रास्ते चलेगी।

15 जनवरी से 23 जनवरी तक सीएसएमटी से चलने वाली गाड़ी संख्या 12859 सीएसएमटी-हावड़ा गीतांजली एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग रायपुर-लखोली-टीटलागढ़ संबलपुर-झारसुगुड़ा के रास्ते चलेगी।

16 जनवरी से 24 जनवरी तक हावड़ा से चलने वाली गाड़ी संख्या 12860 हावड़ा-सीएसएमटी गीतांजली एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग झारसुगुड़ा-संबलपुर-टीटलागढ़-लखोली-रायपुर के रास्ते चलेगी।

12 से 15 लाख नये रोजगार के अवसरों के सृजन के लिए छत्तीसगढ़ में गठित होगा रोजगार मिशन

» मुख्यमंत्री भूपेश बघेल होंगे मिशन के अध्यक्ष, पांच वर्षों के लिए तैयार हो रही कार्ययोजना

» आईआईटी, ट्रिपल आईटी, आईआईएम, एनआईटी जैसे संस्थानों की विशेषज्ञता का मिलेगा लाभ

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में आगामी पांच वर्षों में 12 से 15 लाख नये रोजगार के अवसरों का सृजन करने के लिए राज्य शासन ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता वाले छत्तीसगढ़ रोजगार मिशन के गठन का निर्णय लिया है। मुख्य सचिव अमिताभ जैन इसके उपाध्यक्ष तथा प्रमुख सचिव आलोक शुक्ला मिशन के मुख्य कार्यपालन अधिकारी होंगे। लघु वनोपज संघ के प्रबंध संचालक सहित विभिन्न वरिष्ठ अधिकारी इसके सदस्य होंगे।

राज्य में विगत 3 वर्षों में सभी जिलों में रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अनेक अभिनव कार्यक्रम आरंभ किये गये हैं, जिनसे बड़ी संख्या में रोजगार के स्थाई अवसरों का सृजन हुआ है तथा लोगों की आय एवं जीवन स्तर में सुधार हुआ है। छत्तीसगढ़ हर्बल्स की पहल के साथ ही गोधन न्याय मिशन, टी-कॉफी बोर्ड, मछलीपालन एवं लाख उत्पादन को कृषि का दर्जा देने, रूरल इंडस्ट्रियल पार्क, मिलेट मिशन तथा वाणिज्यिक वृक्षारोपण जैसे कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन से राज्य में रोजगार के नये अवसरों के सृजन की असीमित संभावनायें है।

मिशन के माध्यम से नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित कौशल विकास कार्यक्रमों के साथ उक्त नवीन कार्यक्रमों का समन्वय स्थापित किया जाएगा। साथ ही राज्य में स्थित आईआईटी., ट्रिपल आई.टी. आई.आई.एम.,एन.आई.टी. जैसे अन्य संस्थानों की विशेषज्ञता का रोजगार के नये अवसरों के सृजन में लाभ लिया जाएगा।

मिशन के अन्य सदस्य संचालक उद्योग, संचालक तकनीकी शिक्षा, रोजगार एवं प्रशिक्षण, संचालक मत्स्य पालन, प्रबंध संचालक ग्रामोद्योग, हस्त शिल्प विकास बोर्ड, खादी बोर्ड, प्रबंध संचालक राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोधन न्याय मिशन होंगे। मिशन के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आलोक शुक्ला को राज्य शासन ने एक माह के भीतर मिशन के संबंध में कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया है।

8 टीआई और 7 एसआई का तबादला आदेश किया जारी

राजनांदगांव/ रायपुर (आरएनएस)। जिले के नए एसपी संतोष सिंह ने बेहतर पुलिसिंग के लिए थानों की सर्जरी शुरू कर दी है। एसपी ने शुक्रवार को थोक के भाव टीआई और एसआई का तबादला आदेश जारी किया। एसपी के इस तरह अचानक इतने पुलिस अधिकारियों का तबादला करने से पूरे पुलिस महकमें में हड़कंप मचा हुआ है।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय राजनांदगांव से जारी आदेश के मुताबिक 8 टीआई को इधर उधर किया गया है। इसमें आशीर्वाद रहटगांवकर को थाना प्रभारी बसंतपुर से थाना प्रभारी मोहला, टीआई सनत सोनवानी को रक्षित केन्द्र से थाना प्रभारी गंडई, टीआई व्यास नारायण चुरेन्द्र को थाना प्रभारी गंडई से थाना प्रभारी छुरिया, निरीक्षक विकास बघेल को थाना प्रभारी साल्हेवारा, निरीक्षक कोमल राठौर को थाना प्रभारी मोहगांव से रक्षित केन्द्र, टीआई नीलेश पाण्डेय को थाना प्रभारी छुरिया से थाना प्रभारी खैरागढ़, टीआई राजेश साहू

को थाना प्रभारी खैरागढ़ से थाना प्रभारी बसंतपुर और टीआई सीआर चंद्रा को रक्षित केन्द्र से थाना प्रभारी मोहगांव बनाया गाय है।

एसपी द्वारा जारी आदेश के मुताबिक 7 उप निरीक्षकों को भी इधर से उधर किया गया है। इसमें एसआई नरेन्द्र मिश्रा को थाना खैरागढ़ हाल कोतवाली से थाना खड़गांव, एसआई दुवेन्द्र टेकाम को थाना प्रभारी साल्हेवारा से थाना अंबागढ़ चौकी, एसआई राजूराम साहू को रक्षित केन्द्र से थाना डोंगरगढ़, एसआई मुरली बघेल को रक्षित केन्द्र से थाना अंबागढ़ चौकी, एसआई मोती लाल सूर्यवानी को रक्षित केंद्र से थाना कोतवाली, एसआई रूपेन्द्र कुमार दुबे को रक्षित केन्द्र से थाना डोगरगांव और एसआई शरद कुमार को रक्षित केन्द्र राजनांदगांव से थाना छुईखदान भेजा गया है।

करोड़ो के बैंक एटीएम धोखाधड़ी के 3 आरोपी गिरफ्तार एक फरार

जगदलपुर (आरएनएस)। जिले की थाना कोतवाली पुलिस ने करोड़ो के बैंक एटीएम धोखाधडी मामले में बैंक एटीएम में पैसे डालने वाले कंपनी के योगेश यादव, कैलाश यादव एवं ललित नारायण साहू को धारा 406, 409, 420, 120(बी), 04 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया है। वहीं एक अन्य आरोपी मंजूर रजा फरार है। आरोपियों से पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों ने धोखाधड़ी के करोड़ो की राशि में से अधिकांश राशि ऑन लाईन तरीके से बेटिंग कर रूपये-पैसे हार जाना बताया है एवं आरोपी योगेश यादव के कब्जे से मोबाईल फोन, लैपटाप, स्मार्टवाच, चार पहिया वाहन स्कार्पियो, हैरियर, दो पहिया वाहन सुजूकी एक्सेस, एसी, टीवी आदि सामान जप्त किया गया है। इसके अतिरिक्त तीनों आरोपियें के कब्जे से 08 लाख रूपये नगद राशि बरामद कर जप्त किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सीएमएस कंपनी बैंक से धनराशि लेकर विभिन्न एटीएम में राशि जमा करने का कार्य करती है। आरोपी योगेश यादव एवं कैलाश यादव दोनो सीएमएस कंपनी के कस्टोडियन है, जो प्रतिदिन बैंक से निर्धारित राशि आहरित कर संबंधित एटीएम में जमा करने जाते थे, एवं मुख्य आरोपी योगेश यादव उर्फ योगी संबंधित एटीएम में निर्धारित राशि जमा नही कर अपनी मर्जी से कम राशि जमा करता था, और अंतर की राशि अपने व्यक्तिगत उपयोग एवं शान शौकत में खर्च करता था।

महामारी एक्ट के तहत जिले के 19 लोगों पर होगी एफआईआर

» कोविड पॉजिटिव होने पर भी प्रशासन से छुपाई जानकारी, बाहर घूमकर दूसरों के जीवन को डाला खतरे में

रायपुर (आरएनएस)। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सौरभ कुमार ने रायपुर जिले में महामारी अधिनियम के उल्लंघन करने वालों पर सख्ती बरतने के कड़े निर्देश देते हुए पुलिस में आपराधिक प्रकरण दर्ज करने निर्देश दिए हैं। जिले में ऐसे 19 कोविड पॉजिटिव मरीजों की पहचान हुई है जिन्होंने गलत दूरभाष, पता देकर अथवा होम आइसोलेशन पोर्टल पर स्वयं को पंजीकृत न कर अपनी जानकारी छुपाई है, साथ ही पॉजिटिव होने के बाद भी अपने घर से बाहर निकलकर दूसरों के स्वास्थ्य एवं जीवन को खतरे में डाला है। प्रशासन द्वारा इन लोगों से संपर्क करने के प्रयास के दौरान भी इन्होंने गंभीर लापरवाही बरतते हुए जानबूझकर अपने संबंध में सही जानकारी नहीं दी, अब ऐसे लोगों पर एफआई.आर. होगी।

कलेक्टर सौरभ कुमार के निर्देश के बाद आज से नगर निगम, रायपुर, बीरगांव सहित जिले के सभी अनुविभागों में सख्ती शुरू कर दी गई है। अब तक रायपुर जिले में ऐसे 19 व्यक्तियों की पहचान हुई है, जिन्होंने कोरोना पॉजिटिव होने की जानकारी छुपाई एवं होम आइसोलेशन के पोर्टल पर अपना पंजीयन भी जानबूझकर नहीं किया है। इसमें ऐसे मरीज भी शामिल है जिन्होंने होम आइसोलेशन के नियमों का उल्लंघन करते हुए घर के बाहर रहकर अन्य के जीवन एवं स्वास्थ्य को खतरे में डाला है। अब ऐसे गैर जिम्मेदार मरीजों के विरुद्ध संबंधित थाने में एफआई.आर दर्ज होंगे। जानकारी के अनुसार रायपुर नगर निगम क्षेत्र के नौ, मंदिर हसौद के छह, आरंग के एक, अभनपुर के एक और तिल्दा के दो मरीजों के विरूद्ध संबंधित थाने में एफआई.आर दर्ज करने कार्रवाई की जा रही है।

रायपुर जिला प्रशासन द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है कि कोरोना के लक्षण महसूस होने पर अपनी जांच अवश्य कराएं, रिपोर्ट आने तक आइसोलेशन पर रहें। जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर यदि कोरोना के सामान्य लक्षण हो तो होम आइसोलेशन पर रहें और तत्काल इसकी सूचना पोर्टल के लिंक या रायपुर जिला कंट्रोल रूम के फोन नंबर 07712445785, 7880100331, 7880100332 पर आवश्यक रूप से दें। पोर्टल पर पंजीकृत सभी मरीजों को

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनतमूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं० 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तरकांत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुमा सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अत्याचार मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को इसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु यह संगठन मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित विभिन्न कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूल मिशन पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करवाएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

विश्व शांति में संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका पर वेबिनार संपन्न

» निःशस्त्रीकरण से ही साकार होगी विश्व शांति की कल्पना

» मैट्स यूनिवर्सिटी के महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय विश्व शांति केंद्र, हिन्दी विभाग का आयोजन

रायपुर (आरएनएस)। विनाशकारी हथियारों के उत्पादन पर रोक लगे और इन्हें नष्ट कर समुद्र में फेंक दिया जाए, मसलन निःशस्त्रीकरण से ही हम विश्व शांति की कल्पना को साकार कर सकते हैं। विश्व में अशिक्षा, गरीबी, भूखमरी जैसी समस्याओं के समाधान की दिशा में संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका सराहनीय है। यह बातें मैट्स यूनिवर्सिटी के महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय विश्व शांति केंद्र, हिन्दी विभाग द्वारा आयोजित वेबिनार में अतिथियों एवं विषय विशेषज्ञों ने कहीं।

मैट्स यूनिवर्सिटी के हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. रेशमा अंसारी ने बताया कि मैट्स यूनिवर्सिटी द्वारा 'विश्व शांति में संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका' विषय पर राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विशेषज्ञों ने अपने विचार रखे। वेबिनार के मुख्य अतिथि स्पाइल दर्पण ओस्लो, नार्वे के संपादक श्री सुरेश चंद शुक्ल 'शरद आलोक' ने संयुक्त राष्ट्र संघ के अलग-अलग क्षेत्रों में कार्यरत विभिन्न संगठनों विश्व स्वास्थ्य संगठन, अंतर्राष्ट्रीय श्रम संघ, खाद्य व कृषि संगठन, अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन, अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा संगठन आदि की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने भारत से बाहर रहकर देश के प्रति लगाव और देशभक्ति का अनुपम उदाहरण भी प्रस्तुत किया। विशिष्ट वक्ता वरिष्ठ साहित्यकार, व्यंग्यकार श्री गिरीश पंकज ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ ने जिस अवधारणा से कार्य शुरू किया उसमें पूरी तरह सफलता प्राप्त नहीं हुई है किन्तु विश्व में अशिक्षा, गरीबी, भूखमरी हटाने के जो प्रयास हें वे काफी बेहतर हैं। श्री गिरीश पंकज ने कहा कि विश्व शांति के लिए हथियारविहीन विश्व की आवश्यकता है। देश के सभी राष्ट्र अपने-अपने हथियार समुद्र में फेंक दे और राष्ट्र के विकास के लिए कार्य करें। भारत यदि संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनता है तो विश्व शांति के लिए भारतीय प्रयास काफी कारगर साबित होंगे।

विशिष्ट वक्ता वरिष्ठ साहित्यकार एवं कल्याण महाविद्यालय भिलाई के हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सुधीर शर्मा ने 'वसुदैव कुटुंबकम' और 'सर्वे भवन्तु सुखीनः' की भारतीय अवधारणा को स्पष्ट करते हुए कहा कि हम वैदिक काल से लेकर आज तक यज्ञ या हवन करते हैं तो इन्हीं मंत्रों के साथ विश्व शांति की कामना करते हैं। भारत प्रारंभ से विश्व शांति का समर्थक रहा है। उन्होंने पं. जवाहरलाल नेहरू के पंचशील के सिद्धांतों को अपनाने के प्रति प्रेरित करते हुए कहा कि विश्व शांति में साहित्य की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। वरिष्ठ साहित्यकार एवं प्राध्यापक श्री संदीप अवस्थी, अजमेर, राजस्थान ने विशिष्ट वक्ता के रूप में संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना से लेकर वर्तमान वैश्विक राजनीति के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला।